हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025



# ताला तोड़कर गर्भगृह में प्रवेश से मचा बवाल, ट्रस्ट ने पुलिस से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित दाई बमलाई पंचमी भेंट मिलन कार्यक्रम को लेकर ध्रुव गोंड समाज और मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। ट्रस्ट का कहना है कि तीन लोगों ने नीचे मंदिर स्थित मां बम्लेश्वरी के गर्भगृह में जबरदस्ती ताला तोड़कर माला पहनाते हुए मुकुट और श्रृंगार को अव्यवस्थित किया है। जिससे सनातन हिंदुओं के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

वहीं पंचमी भेंट मिलन कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भवानी बहादुर सिंह का कहना है कि मां बम्लेश्वरी का यह पवित्र धाम सदियों से आस्था और परंपरा का प्रतीक रहा है। गोंड समाज की बैगा पूजा, जो राजा कमल नारायण के समय से चली आ रही है, इस मंदिर की आत्मा है। यह परंपरा हमारे खून में बसी है, लेकिन आज हमें और हमारे वंश को दरकिनार कर दिया गया है। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट द्वारा की गई शिकायत में उल्लेख किया गया है कि ध्रुव गोंड समाज डोंगरगढ़ द्वारा आंगा देवी एवं मां बम्लेश्वरी देवी की पंचमी भेंट मिलन के दौरान माताजी के गर्भ गृह में तीन लोगों ने गेट पर लगे ताला को जबरदस्ती तोड़कर तथा दानपेटी के ऊपर से कूदकर अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर देवीजी को स्पर्श कर माला पहनाने के दौरान देवी जी के मुकुट व श्रृंगार को अव्यवस्थित किया गया। इस मामले के बाद डोंगरगढ़ सहित पूरे प्रदेश में मामला चर्चा का विषय बन गया है। अब इसमें शिकायत भी दर्ज करा दी गई है।

## पंचमी भेंट मिलन कार्यक्रम के दिन घटित हुई थी घटना

### ट्रस्ट करती है निरंतर संचालन

मां बम्लेश्वरी बगलामुखी देवी करोड़ों सनातन हिन्दू की आराध्य देवी है, जहां प्रतिदिन हजारों दर्शनार्थी दर्शनार्थ आते हैं, जिनकी व्यवस्था ट्रस्ट मंडल द्वारा किया जाता है। ट्रस्ट मंडल को गठन के पश्चात ट्रस्ट समिति द्वारा सनातन धर्म के समस्त धार्मिक परम्पराओं के अनुरूप मंदिर का संचालन निरंतर किया जा रहा है। ऐसी घटना से सनातन हिन्दुओं के धार्मिक भावनाओं पर ठेस पहुंची है।

### दो के खिलाफ नामजद शिकायत



ट्रस्ट ने अपने पत्र में कहा कि भवानी बहादुर सिंह तथा विक्रम सिंह जो कि खैरागढ़ राजपरिवार से होने के कारण माता की पूजा अर्चना के विधि-विधान से परिचित होने के उपरांत भी अपने साथ एक अन्य महिला व समाज के अन्य लोगों के साथ गर्भगृह में अनाधिकृत प्रवेश किया गया। ट्रस्ट ने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### मर्यादा भंग करना बर्दाश्त नहीं

किसी सनातन धर्म का पालन करने वाले लोगों को पूजा अर्चना के लिए नहीं रोका जाता है, लेकिन मंदिर की मर्यादा और अक्षुण्णता को बनाए रखने के लिए सभी के लिए यथास्थान निश्चित है। कोई भी मर्यादा को भंग करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

- **मनोज अग्रवाल**, अध्यक्ष, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट

### आदिवासी समाज आहत

संस्थापक परिवार की उपेक्षा ने न केवल राजपरिवार को, बल्कि पूरे आदिवासी समाज को आहत किया है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि ट्रस्ट के चुनाव प्रणाली में सुधार हो और फाउंडर मेंबर की राय को अनिवार्य किया जाए।

- **भवानी बहादुर सिंह**, राजकुमार

---

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरूप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी है। देवी महागौरी ने पार्वती रूप में महादेव को पति के रूप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई, तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियां हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल देने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती है। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी की आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

## माए एंगल




---

## 16 पेटी शराब के साथ वाहन चालक को किया गिरफ्तार

# महतारी एंबुलेंस में भरकर ला रहा था महाराष्ट्र की शराब, पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की छुरिया पुलिस ने ग्राम पैरीटोला में नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस के रूप में इस्तेमाल हो रहे बोलेरो वाहन से 16 पेटी अवैध महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब 138.240 लीटर जब्त की है। इस मामले में आरोपी इंद्र कुमार उर्फ राहुल साहू को गिरफ्तार किया गया है। जब्त शराब और वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 6.53 लाख रुपए बताई जा रही है। बड़ी बात यह है कि सरकारी उपयोग वाले वाहन से शराब की तस्करी होने से प्रशासन पर भी सवला खड़े हो रहे हैं।

पुलिस को मिली सूचना के आधार पर थाना छुरिया की टीम ने पैरीटोला में नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक बोलेरो वाहन जो महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस के रूप में चिन्हित था, को संदिग्ध अवस्था में रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में महाराष्ट्र निर्मित संतरी देशी शराब की 16 पेटियां बरामद हुई। जिनमें कुल 138.240 लीटर शराब थी। प्रत्येक पेटी में 9 लीटर शराब थी। जांच में पाया गया कि यह शराब अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी और इसके लिए कोई वैध दस्तावेज मौजूद नहीं थे। आरोपी इंद्रकुमार उर्फ राहुल साहू जो ग्राम कल्लूटोला का निवासी है, को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी इस शराब को स्थानीय स्तर पर बिक्री के लिए ले जा रहा था। महतारी एक्सप्रेस जैसी एम्बुलेंस का उपयोग तस्करी के लिए किया जाना चौंकाने वाला है, क्योंकि इस तरह के वाहन आमतौर पर आपातकालीन सेवाओं के लिए आरक्षित होते हैं और इन पर संदेह कम होता है।




### बैज ने भी उठाए सवाल

मामले में सरकार पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने एक पोस्ट किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि विष्णुदेव सरकार में महतारी एक्सप्रेस बनी शराब एक्सप्रेस, क्योंकि भाजपा के राज में इलाज, किताब, खाद और राशन मिले ना मिले शराब मिलने की गारंटी है। यह लापरवाही नहीं सरकार और शराब माफियाओं की गहरी सांठगांठ का सबूत है। नवरात्रि के पावन पर्व पर गर्भवती माताओं के साथ ऐसा अन्याय शर्मनाक है।

**प्रदेश स्तर पर दी जानकारी :** सीएमएचओ डॉ. नवरत्न कश्यप ने बताया कि मामले की पूरी जानकारी उनके द्वारा प्रदेश स्तर पर दी जा चुकी है। आगे की कार्रवाई के लिए जो भी दिशा निर्देश प्राप्त होंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### यह जांच जरूरी

इस प्रकरण में इस बात की जांच होनी चाहिए कि महतारी एक्सप्रेस के लिए किस मरीज द्वारा फोन लगाया गया। महतारी एक्सप्रेस को लेकर वाहन चालक कितने बजे निकला और मरीज के पास पहुंचा या नहीं या सिर्फ अपने वाहन को अपनी मर्जी से ले जाकर सिर्फ इसमें महाराष्ट्र निर्मित शराब की 16 पेटी परिवहन करने में लग गया। यह भी जांच होनी चाहिए कि इससे पहले भी इस तरह से 102 वाहन से शराब तस्करी की गई है क्या?

### नेटवर्क की पतासाजी

वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में तस्करी के नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि शराब का स्रोत और वितरण नेटवर्क क्या था।

- **आशीष कुंजाम**, एसडीओपी

### धरने पर बैठी पूर्व विधायक

मामले की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक छन्नी साहू तत्काल मौके पर पहुंच गई थी। बीएमओ दफ्तर के बाहर वे धरने पर भी बैठ गई थी। पूर्व विधायक ने बीएमओ की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि बीएमओ की लगातार शिकायतें सामने आ रही है और अब महतारी एक्सप्रेस से शराब की तस्करी होना बड़ा गंभीर मामला है। बीएमओ को हटाने की मांग भी की है।

---

# गैर शिक्षकीय कार्य के आदेश से बिफरे संकुल समन्वयक, सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- हाल ही में गिदावरी के भौतिक सत्यापन करने के आदेश से नाराज हुए संकुल समन्वयक, गैर शिक्षकीय कार्य से अध्ययन कार्य हो रहा प्रभावित

गैर शिक्षकीय कार्य की बढ़ती सीमा को देखते हुए जिले के सभी चार ब्लॉक में पदस्थ संकुल समन्वयकों ने सोमवार को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है। संकुल समन्वयक लगातार गैर शिक्षकीय कार्य को लेकर अपना विरोध जता रहे थे, लेकिन इसके बाद भी उन्हें ऐसे काम दिए जा रहे थे।

हाल ही में सभी संकुल समन्यवक को गिरदावरी रिपोर्ट का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद संकुल समन्व्यकों ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

वहीं इस्तीफा पत्र में संकुल समन्वयकों ने कई शर्तें भी रखी है। जिनमें सर्वप्रथम गैर शिक्षकीय कार्यों की सीमा तय करना है। संकुल समन्वयकों का कहना है कि चार दिवस अध्यापन एवं दो दिन शालाओं का अकादमिक समर्थन के आदेश किए जाने से प्रतिदिन अफसरों द्वारा दिए जा रहे दायित्वों का निर्वहन करना संभव नहीं हो रहा है। हालांकि उन्होंने कहा कि सभी संकुल समन्वयक 4 दिन अध्यापन एवं 2 दिन अकादमिक समर्थन के लिए तैयार है, परन्तु अध्यापन वाले दिनों में उन्हें कोई गैर शिक्षकीय कार्य ना दिया जाए। इसके साथ ही किसी भी बैठक या संकुल कार्य के लिए कम से कम एक दिन पूर्व लिखित आदेश दिया जाए। इसके साथ ही अवकाश के दिनों में कार्य कराए जाने पर अर्जित अवकाश का लाभ दिया जाए।




### 149 समन्वयक का इस्तीफा

गैर शैक्षिक कार्य कराए जाने से नाराज जिले के 149 समन्वयकों ने सामूहिक इस्तीफा दिया है। इनमें डोंगरगांव ब्लॉक के 23 समन्वयक, डोंगरगढ़ ब्लॉक से 39, छुरिया ब्लॉक से 43 और राजनांदगांव ब्लॉक से 44 समन्वयकों ने अपना सामूहिक इस्तीफा दिया है।

### पहले भी जताई थी आपत्ति

बीते 28 अगस्त को संकुल समन्वयकों ने प्रशासन को लिखित रूप से सूचित करके गैर-शैक्षिक कार्यों से मुक्त करने की मांग की थी। उस समय उन्होंने यह चेतावनी भी दी थी कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो वे सामूहिक त्याग पत्र देंगे। चूंकि प्रशासन ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया, इसलिए आज समन्वयकों ने इस्तीफा सौंप दिया है। समन्वयकों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं की गई तो जिले की शैक्षिक गतिविधियां गंभीर रूप से प्रभावित होगी।

### दर्जनभर से अधिक ग्रुप, रोज नए आदेश

संकुल समन्वयकों ने यह भी कहा है कि विभिन्न कार्यों से संबंधित लगभग 18 से 20 वाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं। जिसमें जिला मिशन समन्वय से लेकर अन्य अफसरों द्वारा रोजाना कोई न कोई आदेश दिए जाते हैं। इन आदेशों की सूक्ष्मता से अध्ययन पश्चात आदेश पालन की जिम्मेदारी भी निभाई जा रही है, परन्तु बच्चों की शैक्षिकहित को ध्यान में रखते संकुल समन्वयकों को अध्यापन दिवस पर गैर शिक्षकीय ना दिया जाए।

### अध्यापन कार्य के लिए तैयार

संकुल समन्वयकों का कहना है कि चार दिन के अध्यापन कार्य के दौरान संकुल कार्य, डाक कार्य, ऑनलाइन कार्य, एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों की अतिरिक्त जिम्मेदारी न दी जाए। उन्होंने कहा कि संकुल समन्वयकों को मतदाता सूची पूर्णवलोकन में सुपरवाइजर, वीआईपी आयोजनों में सहभागिता एवं सांस्कृतिक आयोजन, खेलकूद, पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण और समायोजन में भी तैनात किया जाता है।

---

# बाइक लेकर भागने वाले पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रार्थी के बाइक को लेकर भागने के मामले में पुलिस ने 7 घंटे के भीतर आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालक को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी नितेश चंद्रवंशी ग्राम डुंडेरा ने थाना डोंगरगढ़ में 28 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 सितंबर को ग्राम डुंडेरा से अपने दोस्त के साथ बाइक में मेला देखने डोंगरगढ़ आया था, तभी बम्लेश्वरी हास्पिटल के पास रोड तरफ बाइक को खड़ा कर मोबाइल और चाबी को बाइक में छोड़कर लघुशंका कर रहा था, तभी 2 लड़के आए और बाइक व मोबाइल को लेकर भाग गए। रूकवाने की कोशिश किया तो गाली-गलौज करते भाग गए। रिपोर्ट पर धारा- 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने इस मामले में संदेही आरोपी एकांत यादव 18 साल निवासी ठेठवारपारा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने अन्य साथी विधि से संघर्षरत बालक के साथ जुर्म करना स्वीकार किया एवं विधि से संघर्षरत बालक से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार कर मोबाइल को बाइक के साथ मां बम्लेश्वरी पार्किंग क्षीरपानी में रखना बताए, जिस पर बाइक एवं मोबाइल को बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपी एकांत यादव को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है एवं विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर संरक्षणात्मक अभिरक्षा में भेजा गया है।

---

# डोंगरगढ़ मेले में की शांति भंग, दो दिनों के भीतर महिला सहित 14 आरोपियों के खिलाफ एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्र पर्व के दौरान डोंगरगढ़ नवरात्र मेला में शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने दो दिनों के भीतर 14 लोगों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। नवरात्र पर्व के दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थ एवं मेला घूमने लाखों की संख्या में दर्शनार्थीगण डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं।

पुलिस प्रशासन द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने 1000 से ज्यादा पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस द्वारा पूरे मेला पर ड्रोन कैमरा से नजर रखी जा रही है।

### दर्शनार्थियों को कर रहे थे परेशान



पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 28 सितंबर की रात्रि में मेला ग्राउंड में कुछ बदमाश अलग-अलग जगह वाद-विवाद कर मेला का माहौल खराब कर रहे हैं कि सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचा, जहां अनावेदक राज परिहार, राजू राम, तरूण देवांगन, योगेश, शैलेन्द्र देवांगन, खिलेन्द्र, कार्तिक नेताम, स्वीटी बेगम जो मेला ग्राउंड में अलग-अलग जगह में दर्शनार्थियों, मेला देखने आए लोगों एवं दुकानदारों को परेशान कर वाद-विवाद कर रहे थे। लोगों एवं पुलिस के समझाने पर नहीं मानने से एक महिला सहित 8 बदमाशों के विरूद्ध धारा- 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर प्रतिबंधित करने हेतु एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।

### वाद-विवाद कर रहे थे

पुलिस सूत्रों के अनुसार 27 सितंबर के रात्रि में मेला ग्राउंड में कुछ बदमाश अलग-अलग जगह में वाद-विवाद कर मेला का माहौल खराब कर रहे हैं कि सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचा, जहां अनावेदक अभिषेक कुमार उर्फ बिहरवा साव, संतोष यादव, अविनाश टाण्डी, रोहित कुमार, जुबैद मिर्जा व देवेन्द्र सोरी जो मेला ग्राउंड में अलग-अलग जगह में दर्शनार्थियों, मेला देखने आए लोगों एवं दुकानदारों को परेशान कर वाद-विवाद कर रहे थे। लोगों एवं पुलिस के समझाने पर नहीं मानने से छह के विरूद्ध धारा- 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर प्रतिबंधित करने हेतु एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

---

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

| 24 घंटे आपात चिकित्सा | स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ |
| --- | --- |
| • एक्सीडेंट • जहर का सेवन • लीवर फेलयर • किडनी फेलयर • हार्ट अटैक • ब्रेन हेमरेज • पीलिया • लकवा | • बच्चेदानी का ऑपरेशन • बांझपन का ईलाज • मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज • गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज • नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/- |

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365




अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण


| | |
| --- | --- |
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यथी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113






## अर्जुनी में विराजमान प्रतिमाएं




सरस्वती उत्सव समिति चिद्दो



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिती पिपरिया

## खबर संक्षेप

### अष्टमी हवन आज

**सुरगी।** ग्राम संबलपुर की शिव पार्वती सिद्ध शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि में 215 ज्योति कलश की स्थापना किया गया है । अष्टमी हवन 30 सितंबर को रखा गया है। हवन के बाद माता का झूला का कार्यक्रम होगा। आगामी एक अक्टूबर को ज्योत जंवारा विसर्जन किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर के व्यवस्थापक शेष नारायण साहू, बनवाली यादव ने दी।

### मटिया में श्रीमद भागवत कथा दो से

**डोंगरगांव।** मटिया वार्ड 14 स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर परिसर में आगामी दो से 10 अक्टूबर तक श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया। शर्मा परिवार के श्राद्ध कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित भागवत कथा में पं रूपेश महाराज माना कथा का रसपान कराएंगे। आयोजक परिवार ने बताया कि प्रथम दिन कलश यात्रा, वेदी पूजन, मंडप प्रवेश होगा। आगामी तीन अक्टूबर को गौकर्ण कथा, ब्रह्मदेव, वराह अवतार, 4 को सृष्टि वर्णन, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र, 5 को जड़भरत चरित्र, नाम गुरू महिमा, प्रहलाद चरित्र, 6 को क्षीरसागर महिमा, राम कृष्ण जन्म, 7 को बाललीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, रुख्मणी विवाह, 8 को जरासंध वध, सुदामा चरित्र, होली उत्सव, 9 को सूर्य चन्द्र ग्रहण महिमा, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी व नगर भ्रमण होगा। आगामी 10 अक्टूबर को गीता हवन पूजन, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी के साथ समापन होगा।

### मन की बात का श्रवण



**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का बाकीपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 68 में जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

### बच्चों को दिया हाऊस ड्रेस



**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला के प्रधानपाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी एवं पालकों ने सार्थक पहल करते हुए बेगलेस डे के लिए हाऊस ड्रेस की व्यवस्था एक सप्ताह में किया। इस पहल से बच्चों में उत्साह का माहौल है।

### प्रधानपाठक कंवर सम्मानित

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला के प्रधानपाठक धनुषराम कंवर को विनोबा एप्प में अगस्त में जिला स्तर के पोस्ट आफ मंथ का विजेता बनने पर एपीसी मनोज मरकाम, बीआरसी सुरेश सहारे, नरेंद्र साहू ने सम्मानित किया। उन्हे संकुल प्राचार्य राजकुमारी जैन, संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, गजेंद्र मंडावी, रविकुमार चन्द्रवंशी, महेंद्र कंवर आदि ने बधाई दी है।



### ग्राम संगठन का अधिवेशन आयोजित

**तुमड़ीबोड़।** सांगिनकछार में ग्राम संगठन का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया। शुरुआत में बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। तत्पश्चात आय व्यय की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सरपंच सुमरित वर्मा, ठाकुरराम वर्मा, परमेश्वर कंवर, चेकराम वर्मा, भुवनेश्वरी, शकुनबाई, कीर्तन चन्द्रवंशी, जितेन्द्र सिन्हा, पुरषोत्तम यादव, इंद्रकुमार साहू, विष्णु साहू, रामाधीन साहू, तिहारु सिन्हा, यामिनी साहू, तारणी वर्मा, धनेश्वरी साहू, ममता वर्मा आदि उपस्थित थे।



41 साल में पहली बार ऐसा हुआ

# हटाए गए आधा दर्जन कर्मचारी नगर पंचायत में मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने सालों से नगर पंचायत में जमे आधा दर्जन कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया है। 40 सालों के इतिहास में पहली बार एक साथ 6 कर्मचारियों के स्थानांतरण से खलबली मची हुई है। बताया जाता है कि पहली बार निकाय के मूल कर्मचारियों को शासन ने इधर से उधर किया है। कर्मचारियों के स्थानांतरण से विभागीय कामकाज प्रभावित होने की आशंका है।

नगरीय प्रशासन विकास विभाग ने आदेश जारी कर नगर पंचायत के उपयंत्री हरिशंकर वर्मा, सहायक ग्रेड तीन दीपक सलामे, वाहन चालक राजीव बारसागढे, सफाई दरोगा तरूणा शर्मा, भृत्य कविता मंडावी एवं चौकीदार दिलीप निषाद का स्थानांतरण अन्य निकायो में किया है। नगर पंचायत के 6 कर्मचारियों के तबादले से निकाय में बवंडर मचा हुआ है।

## खर्च कम करने शासन ने लिया फैसला



### स्थानांतरित कर्मचारियों को बिदाई

स्थानांतरित कर्मचारियों को गुरूवार को बिदाई दी। बिदाई समारोह में स्थानांतरित कर्मचारियों के साथ खटटे मीठे लम्हो को याद किया गया। नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने स्थानांतरित कर्मचारियों के नगर विकास में मिले सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि निकाय एवं नगरवासी उनके कार्यों को हमेशा याद करेंगे।

### व्यय कम करने स्थानांतरण

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत का स्थापना व्यय प्रदेश में सबसे अधिक है। यहां दो दर्जन से अधिक रेगुलर कर्मचारी होने के कारण निकाय की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। निकाय के कर्मचारियों को तीन- तीन महिने वेतन के लिए इंतजार करना पडता है। शासन से अनुदान मिलने पर ही कर्मचारियो को वेतन मिलता है। स्थापना व्यय एवं आमदानी की तुलना किया जाए तो नगर पंचायत को स्थापना व्यय के मुकाबले तीस फीसदी आमदानी होती है। स्थापना व्यय घटाने के लिए कर्मचारियों को हटाने की सिफारिश की गई थी जिसके आधार पर आधा दर्जन कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है।

### पहली बार जमीनी कर्मियों का तबादला

निकाय में प्रारंभ से सेवा दे रहे तिलक यादव एवं जलील रब्बानी ने बताया कि चार दशक के इतिहास में पहली बार एक साथ 6 कर्मचारियों का स्थानांतरण हुआ है। उन्होंने बताया कि पहली बार नगर पंचायत के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का स्थानांतरण हुआ है। इन कर्मचारियो ने बताया कि पहली बार निकाय के मूल कर्मचारियो को अन्य निकाय में स्थानांतरित किया गया है।

# चुनरी यात्रा में गूंजा माता का जयकारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नवरात्रि पर्व के मौके पर रविवार को सार्वजनिक श्री नव दुर्गा उत्सव समिति से जुड़ी महिलाओं ने चुनरी यात्रा निकला। यात्रा की शुरुवात दुर्गा पंडाल से हुई। चुनरी शोभायात्रा चंडी मंदिर, शीतला मंदिर, बगुलामुखी बम्लेश्वरी मंदिर, कालेज रोड स्थित दुर्गा मंदिर से शीतला माई मंदिर होते हुए वापस दुर्गा पंडाल पहुंची। भ्रमण के दौरान माता का जयकारा गूंजायमान रहा। चुनरी यात्रा में आयुषी गुप्ता, प्रिया गुप्ता, सेजल सांखला, मीनल गुप्ता, कामना सोनी, सिया सांखला, शिवानी सोनी, कीर्ति सोनी, रश्मि सोनी, क्षिप्रा मुटकुरे, पिंकी गुप्ता, रूचि गुप्ता, विभा गुप्ता सहित अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई।

### नौ कन्या को भेंट में दिया पौधे

**डोंगरगांव।** नवरात्र के दौरान नौ कन्या का मां दुर्गा का स्वरूप मानकर भोज कराया जाता है। ऐसा माना जाता है कि कन्या पूजन से देवी दुर्गा प्रसन्न होती है। इस अनुष्ठान में कन्याओं के पैर धोकर, तिलक लगाकर और चुनरी ओढ़ाकर शुद्ध आसन पर बैठाया जाता है, जिसके बाद उन्हें हलवा, पूरी, काले चने और खीर परोसा जाता है। इसके बाद उपहार स्वरूप कपड़े, स्टेशनरी या पैसे दिए जाते हैं। इसी नियम का पालन करते हुए पर्यावरण प्रेमी भोज साहू ने अपने घर में कन्या भोज का आयोजन किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने नौ कन्या को भोजन के बाद उपहार स्वरूप नौ श्रृंगार दिया, बायोडिग्रेडेबल थैला और गुड़हल फूल का पौधा गमले के साथ दिया।



# साहू समाज के अध्यक्ष बने पन्नालाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरमुंदा

साहू समाज मुसरा मंडल का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। अध्यक्ष पन्नालाल साहू, उपाध्यक्ष बिहारी साहू, सचिव भीखमचंद साहू, कोषाध्यक्ष मोहन साहू, संगठन सचिव पुरुष हिरवानी, रेवाराम साहू उपस्थित थे। नवनिर्वाचित पदाधकारियों ने शपथ ग्रहण भी किया। इस दौरान तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष हंसराज साहू, अशोक साहू, सुजाता, मोहनलाल साहू, विष्णु साहू, कमलराम साहू, शिवराम साहू आदि उपस्थित थे। बिरझू साहू, महिला मनिता साहू, संगठन सचिव महिला भुनेशवरी साहू को बनाया गया है। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी के रूप में तहसील साहू संघ के हेमंत साहू, कचरू

# स्वास्थ्य की जांच, 50 ने किया रक्तदान

**अर्जुनी।** सेवा पखवाड़ा के तहत मंडल भाजपा, ग्राम पंचायत ने गत दिनों स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में अंचल के लोगों बड़ी संख्या में शामिल होकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराया। जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग ने दवा का वितरण किया।

शिविर में अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, भरत वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, जिपं सभापति जागृति चुन्नी यदु, सरपंच ललिता साहू, मंडल अध्यक्ष भुवन साहू, रामकुमार गुप्ता, दिनेश साहू, अजय वैष्णव, दीलिप साहू, भैयालाल, विजय जैन, नागेश धनकर, दुर्गेश सिन्हा, गजेन्द्र, राजा साहू, कमलेश सोनकर, सांसद प्रतिनिधि टामेश्वर साहू आदि शामिल हुए।



### रक्तदाताओं को दिया हेलमेट

स्वस्थ नारी- स्वस्थ परिवार कार्यक्रम के तहत चिकित्सकों के दल ने ब्लड प्रेशर, शुगर, कैंसर आदि की जांच किया और उचित परामर्श दिया। गर्भवती महिलाओं की भी जाँच कर दवाई दी गई। नेत्र पीड़ितों की जांच कर चश्मा दिया गया। रक्तदान शिविर में लगभग 50 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदाताओं को हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## देवी दर्शन करने पहुंचे पूर्व सीएम

# बिजली बिल हाफ योजना बंद करना प्रदेश की जनता के खिलाफ : बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को डोंगरगढ़ पहुंचकर मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में धान की बंपर पैदावार का आशीर्वाद मांगा। दर्शन के दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान भी मौजूद थे।

देवी दर्शन के बाद श्री बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश और केंद्र सरकार पर कई मुद्दों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी तो किसानों धान का सबसे अधिक मूल्य दिया गया, लेकिन भाजपा सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को डराने का प्रयास किया जा रहा है। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में बदले की राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की डोर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के हाथों में है। हाफ बिजली बिल योजना बंद करने पर भी उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि यह फैसला जनता के खिलाफ है।



# दिव्यांगों एवं बुजुर्गों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत लाल बहादुर नगर में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे ने विकलांगों एवं बुजुर्गों का सम्मान श्रीफल एवं गमछा भेंट कर किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का मंडल पदाधिकारियों, नगर पंचायत प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सुना। कार्यक्रम में हेमलाल वर्मा, नपं उपाध्यक्ष छबिधर साहु, लक्ष्मीनाथ रजक, रमेश यादव, राजेश देवांगन, मृगलाल साहु, रामजी साहू, योगेश साहु, निकीता ताम्रकार, पुष्पा सिन्हा, चंद्रा सिन्हा, प्रमिला साहू, दीपक साहू, जमुना साहू, यशवंत साहू, तारन साहू, हरी मंडल, गिरधारी साहु, बिसलाल साहू, चिंताराम पटेल, देवा धनकर, लीलाधर साहू शामिल हुए।

# 51 फुट के रावण का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- रंगारंग आतिशबाजी मिलेगी देखने

विजयादशमी के अवसर पर नगर के कॉलेज मैदान मे सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वरांजलि के साथ रावण का दहन किया जाएगा। श्री निशांत दुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति पुराना बस स्टैंड द्वारा गत 30 वर्षो से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी आकर्षक आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रावण दहन किया जाएगा। रावण दहन के कोहका की रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। रावण दहन के पश्चात आकाशीय आतिशबाजी का आकर्षक नजारा देखने मिलेगा। श्री निशांत दुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति के द्वारा अपील है कि उक्त सभी कार्यक्रमों का अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेंवे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### जस झांकी आज

**मुरमुंदा।** दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कल 30 सितंबर को वीणा वंदनी जस झांकी परिवार मुंदगांव वालों का कार्यक्रम ग्राम के बाजार चौक में रखा गया है। समिति के लोगों ने आसपास के ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### मां बम्लेश्वरी मंदिर में सेवा कार्य



**डोंगरगढ़।** स्काउट्स एवं गाइड्स मां बम्लेश्वरी मंदिर में अपनीन सेवा दे रहे है। बीईओ विरेन्द्र कौर के मार्गदर्शन में बड़े मंदिर, नाग मंदिर, छिरपानी कार्यालय, छोटे मंदिर में सेवा कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में अम्बेडकर ओपन क्रू सेंदरी के स्काउट गाइड शामिल हैं। इस कार्य के लिए ब्लाक स्काउट गाइड संघ अध्यक्ष दविन्दर सिंह भाटिया, प्राचार्य किरण मिश्रा, जिला संघ उपाध्यक्ष राकेश भावते ने स्काऊट गाइड को बधाई दी है।

### साहित्यकार मसखरे हिंदी सेवा सम्मान से सम्मानित



**गंडई पंडरिया।** रायपुर के वृंदावन ऑडिटोरियम में 28 सितंबर को आयोजित भव्य समारोह में भदेरा पैलीमेटा के साहित्यकार एवं शिक्षक राजकुमार मसखरे को प्रतिष्ठित हिंदी सेवा सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा में लंबे समय से दिए जा रहे साहित्यिक योगदान, व्यंग्यात्मक लेखन से जागरूकता लाने के उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वक्ता मंच दबंग स्वर ने किया था। समारोह में दबंग स्वर के प्रधान संपादक पं. पीके तिवारी मुख्य अतिथि थे। इस दौरान डॉ. रूपेंद्र कवि, राजेश पराते और शुभम साहू उपस्थित थे। साहित्यकारों, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने राजकुमार मसखरे को बधाई दी है।

### महाष्टमी पर अनुष्ठान आज



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। बीते आठ दिन से भक्त माता की आराधना कर रहे है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी दर्शन एवं पूजन के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। कल मंगलवार को देवी दरबार एवं प्रतिमा स्थलों में महाष्टमी मनाया जाएगा। मां नर्मदा मंदिर में भी महाष्टमी कार्यक्रम रखा गया है। सुबह साढ़े दस बजे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात महाआरती होगी। नौ कन्या को भोज कराया जाएगा। बुधवार शाम को शोभा यात्रा एवं पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा।

### पंचमी में लगा छप्पन भोग



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र के देवी मंदिरों में शनिवार को पंचमी पर्व मनाया गया। दुर्गा, सरस्वती प्रतिमा स्थलों में रविवार को पंचमी पर्व उल्लास से मनाया गया। माता रानी का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया गया। सड़क अतरिया के स्कूल के पास युवाओं द्वारा स्थापित सरस्वती प्रतिमा स्थल पर छप्पन भोग लगाकर आस्था प्रकट किया गया।

### शस्त्रपूजन साथ आरएसएस ने मनाया विजयादशमी



**खैरागढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को देखते हुए आरएसएस की स्थानीय इकाई ने शहर के पांच बस्तियों में पथ संचलन की योजना को अमल में लाते हुए नवरात्रि के पंचम दिन तुरकारी पारा मे बस्ती सह रचना अनुसार विजयादशमी उत्सव पर शस्त्रपूजन व पथ संचलन किया। पर्यावरण विभाग प्रमुख मनोहर चंदेल के मुख्य आतिथ्य, सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य जितेन्द्र शर्मा मुख्य वक्ता रहे। स्वयंसेवकों ने विधिवत रूप से शस्त्रपूजा की और पथ संचलन किया। इस दौरान खंड व्यवस्था प्रमुख मनोज गिडिय़ा, श्रीराम यादव, भूपेंद्र गंगबोइर, निक्कू श्रीवास, हेमलाल कौशिक, सुभाष सिंह, नरेन्द्र सोनी, शशांक ताम्रकार, महावीर छाजेड़, आंनद तंबोली, सुनील यादव, समीर सोनी, चंदन गिरी गोस्वामी, तेजप्रकाश यादव, पंकज यादव, आरव श्रीवास, नीरज भट्ट, अभिषेक गुप्ता, महेश गिरी गोस्वामी सहित बडी संख्या में बाल स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### 4 को राजधानी में भावेश करेंगे काव्य पाठ



**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित संभाग स्तरीय युवा काव्य पाठ प्रतियोगिता दुर्ग संभाग में शहर के अमलीपारा वार्ड निवासी भावेश देशमुख को द्वितीय स्थान मिला जिन्हें मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार सहित अन्य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व सम्मान राशि से सम्मानित किया गया। संभाग सतरीय स्पर्धा में चयन उपरांत भावेश देशुमख आगामी 4 अक्टूबर को राजधानी के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर सहित अन्य संभागों से चयनित प्रतिभागियों के साथ दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए काव्य पाठ करेंगे। भावेश को महेद्र देशमुख, ज्ञानेश्वर यादव, विनोद रावटे, आकाशदीप सिंह, नरेंद्र श्रीवास, आलोक वैष्णव, रतन सिंगी सहित

## दलहन तिलहन फसल भी हुई प्रभावित

# मूसलाधार बारिश से हरूना धान की फसल को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

मानसून विदाई के वक्त लगातार हो रही बारिश क्षेत्र में हरूना धान एवं दलहन तिलहन फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। हरूना धान के पौधे बारिश और हवा के चलते खेतों में गिर गए हैं। वही सोयाबीन, उड़द, मुंग फसल की कटाई शुरू हो गई थी जो बारिश होने से चौपट हो गई।

जानकारी अनुसार कुकुरमुड़ा, सड़क अतरिया, घिरघोली, गुमानपुर, खैरबना, खैरा नवापारा, संड़ी, पंडरिया, ओटेबंद, बेलगांव, मानपुर, जीराटोला, भरदा, बुन्देली में एक बड़े पैमाने पर सोयाबीन का उत्पादन किया जाता है। किसानों ने बताया कि सोयाबीन की कटाई शुरू हो गई थी। कुछ फसल पक कर कटाई के लिए तैयार हो गई था। ऐसे समय में मूसलाधार बारिश होने से फसल डूबकर बर्बाद हो गई। सोयाबीन की फसल पानी में भीग कर काली हो गई है तो बीज अंकुरित हो गए हैं। क्षेत्र के किसान नकदी फसल के रूप में एक बड़े पैमाने पर इसका उत्पादन करते हैं। इस बार फसल चौपट होने से किसानों के आर्थिक संकट से घिरने की आशंका है।



### त्योहारों पर पड़ेगा असर

लगातार बारिश ने दलहन तिलहन फसल पर विपरित प्रभाव डाला है। जिससे किसानों को आर्थिक लाभ पहुंचाने वाली फसल कर्ज में डूबा दिया है। किसानों का आने वाला पर्व में उत्साह नजर नहीं आ रहा है।

### आर्थिक सहायता की मांग

जिन किसानों की फसल बारिश में बर्बाद हो गया है। वह आर्थिक सहायता की मांग कर रहे हैं। अधिकांश किसान अपने फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत फसल का बीमा कराया हुआ है जो बीमा क्लेम एवं क्षतिपूर्ति मांग कर रहें हैं। पूर्व विधायक कोमल जंघेल क्षेत्र के विभिन्न गांव में फसल की स्थिति से वाकिफ होकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने बारिश से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिऐ तत्काल विभागीय सर्वे कराने व क्षति आंकलन कर किसानों को आर्थिक सहायता पहुंचाने की बात कही है।

### पानी में डूबा हरूना धान

लगातार तीन से बारिश जारी होने से नदी, नाला में बरसाती पानी का बहाव बना हुआ है। धान के खेतों में भी पानी लबालब हो गया है। यह बारिश लम्बी अवधि में पकने वाली धान के लिए संजीवनी साबित हुआ है। वही हरूना धान जिसकी बालियां निकल आई थी और हवा में गिर गई है। उसके लिए नुकसान दायक साबित हो रहा है। बालियां निकल आई धान के पौधे पानी में डुबा हुआ है। ऐसे में फसल की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## छुईखदान में आरएसएस का विजयादशमी उत्सव मना



**छुईखदान।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छुईखदान नगर के द्वारा संघ शताब्दी वर्ष में विजयदशमी पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक खण्ड छुईखदान के द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार यह कार्यक्रम किया गया। रविवार को छुईखदान नगर में भी विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया जिसमें छुईखदान मंडल के 24 गांव के कार्यकर्ता एवं खंड में उपस्थित जिला एवं खंड पदाधिकारी से लेकर राष्ट्र सेवा के लिए समाज में कार्य करने वाले कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

संघ शताब्दी वर्ष में लगातार समाज के बीच में जाकर के पंच परिवर्तन के संकल्प को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रहा है। संघ के कार्यकर्ता कदम से कदम मिलाकर नगर भ्रमण करते हुए हाई स्कूल मैदान से होकर टिकरीपारा, जयस्तम्भ चौक, बस स्टैंड, बाजार लाइन, कंडरापारा, जमातपारा, राजमहल चौक, बाईसाहब मंदिर, जमुना चौक से होकर मुख्य कार्यक्रम स्थल सरस्वती शिशु मंदिर में मुख्य वक्ता राजनांदगांव विभाग के विभाग प्रचारक जितेंद्र शर्मा के उद्बोधन के साथ कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि भागचंद जोशी, जिला सहकारवाह पुष्कर राज बक्शी, जिला जनजाति प्रमुख पन्नालाल मंडावी, जिला बाल कार्य प्रमुख रमेश वर्मा, जिला किसान प्रमुख राम अवतार साहू, खंड कार्यवाह विशाल मारुतकर, बौद्धिक प्रमुख बलदाऊ सोनी, शारीरिक प्रमुख ओमेश्वर साहू, व्यवस्था प्रमुख उत्तम सिंह ठाकुर, प्रचार प्रमुख खिलावन सेन, धर्म जागरण प्रमुख मिथिलेश पटेल, संपर्क प्रमुख श्रवण जंघेल एवं खंड के सैकड़ों कार्यकर्ता इस पथ संचलन में भाग लिए। सामाजिक समरसता के भाव को लेकर प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए काम करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एकता के मंत्र को लेकर नगर भ्रमण किया। पथ संचलन कार्यक्रम में पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। क्षेत्र के वरिष्ठगण के साथ माता भगिनी सहित नागरिक बंधु कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## डॉक्टर के इस्तीफे से क्षेत्र में नाराजगी फैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एक प्रमुख डॉक्टर द्वारा हाल ही में दिया गया इस्तीफा क्षेत्र में गहरी नाराजगी और चिंता का कारण बन गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा हो सकता है, जिसमें बाहर से आ रहे दबावों की भूमिका हो सकती है। ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में पदस्थ डॉ. समीर रजक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसे लेकर नगर सहित पूरे क्षेत्र में नाराजगी देखी जा रही है। छुईखदान में कार्यरत डॉक्टर को इस्तीफा देने के लिए आखिर परेशान किसने किया। आखिर कौन है ये जो छुईखदान की स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ नहीं देख सकता आखिर उसे छुईखदान से किया परेशानी है।

### नगरवासी होने लगे लामबंद

डाक्टर के इस्तीफा के बाद नगर में माहौल गरमाने लगा है जिसे लेकर अब नगर वासी लामबंद होने लगे है। आने वाले दिनों में नगर बंद और धरना प्रदर्शन कर उक्त डाक्टर के इस्तीफा रोकने हेतु आंदोलन कर सकते है। इस संबंध में समाजसेवी संजय महोबिया ने कहा कि जब नगर का कोई बच्चा बाहर से पढ़ाई कर नगर में अपनी सेवा दे रहा है तो दूसरे के पेट में तकलीफ क्यों है। आखिर उसको परेशान क्यों किया जा रहा है। हम सभी नगरवासी प्रशासन से उक्त डाक्टर की पद स्थापना की मांग करते है। उक्त डाक्टर को लेकर जमीन की लड़ाई लड़ने को तैयार है। वरिष्ठ नागरिक सुधीर जैन ने कहा कि आज लगभग 30 साल बाद नगर में किसी स्पेशलिस्ट की पोस्टिंग हुई थी। जिसे परेशान कर छुईखदान से हटाना कहा तक सही है। क्या हमे अपने स्वास्थ्य के लिए सजग रहने का अधिकार नहीं है। नगरवासियों ने प्रशासन से यह सवाल भी उठाया है कि कब तक स्थानीय प्रतिभाओं की अनदेखी होती रहेगी।

## पुल क्रॉस करते इंजीनियर की मौत

### रायपुर जाने के दौरान पुल में बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



नगर पंचायत गंडई में पदस्थ रहे उप अभियंता लोकेश शर्मा 46 वर्ष निवासी रायपुर का 29 सितंबर की शाम 5 बजे दनिया पुल में बहकर पानी में डूबने से मौत हो गई। श्री शर्मा नगर पालिका बेमेतरा से ट्रांसफर होकर गंडई नगर पंचायत में पिछले एक साल से पदस्थ थे।

सूत्रों के अनुसार श्री शर्मा नवरात्रि में पूरे नौ दिन तक उपवास थे और नौ कन्या भोज का कार्यक्रम कराने वह अपनी बाइक से राजधानी स्थित रायपुर निवास जाने नगर पंचायत से शाम 4 बजे निकला था, जब वे दनिया पुल पर पहुंचे, तब पुल के ऊपर लगभग एक फीट पानी चल रहा था, जिसे वे बाइक से क्रॉस कर रहे थे। सिर पर हेलमेट लगा था और क्रॉस करते वक्त वह अनबैलेंस हुए और पानी की धार में बह गए। ग्रामीणों के बताए अनुसार वे पुल से लगभग 300 मीटर बह गए थे। पानी में डूबने से उनकी आकस्मिक मौत हो गई। बताया जाता है कि पुल निर्माण कार्य नहीं होने के कारण ये घटना घटी है। मृतक इंजीनियर के परिवार में पत्नी और एक ही लड़का है। अचानक घटित घटना से परिवार सदमे में है। इंजीनियर लोकेश शर्मा मूलतः मध्यप्रदेश के विदिशा के रहने वाले हैं।

## गंडई में युवराज शाह 2 को करेंगे रेनी वध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई में इस वर्ष का पारंपरिक दशहरा उत्सव 2 अक्टूबर को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो होंगे। जिनकी अगुवाई में पूरा कार्यक्रम संपन्न होगा। इस वर्ष नगर पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार दशहरा उत्सव के अध्यक्ष के रूप में रेनी वध करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 6.30 बजे राजमहल पंडरिया से निकलने वाली भव्य शोभायात्रा से होगी। शोभायात्रा पश्चात रात्रि 8 बजे युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो द्वारा आतिशबाजी के साथ रेनी वध किया जाएगा। रात्रि 8.30 बजे वे मां गंगई मंदिर प्रांगण में नागरिकों से भेंट मुलाकात करेंगे। दिनभर के आयोजनों का समापन रात्रि 10 बजे राजमहल पंडरिया में पान बीड़ा कार्यक्रम से होगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में साकेत दुबे, लियाकत अली, भिगेश यादव, मोहसिन खान, दिलीप ओगरे, परवेज खान और सूरज नामदेव संयोजक की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं बाकेलाल वर्मा, नारायण शर्मा, अय्यूब कुरैशी और सतीश सिंघानिया प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## स्कूलों में संगीत शिक्षा को लेकर शिक्षा मंत्री से मिली कुलपति



**खैरागढ़।** स्कूलों में संगीत शिक्षा की अनिवार्यता को लेकर इंदिरा कला संगीत विवि की कुलपति प्रोडॉ लवली शर्मा ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के स्कूलों में संगीत शिक्षा को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने की बात रखते हुए कहा कि संगीत एवं कला के संरक्षण व संवर्धन के लिए यह आवश्यक है कि बच्चों को इसकी शिक्षा दी जाए जो आगे चलकर इसे पोषित और संरक्षित करें। इससे संगीत की शिक्षा लेकर अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके विद्यार्थियों को भी रोजगार का पूरा अवसर मिल पाएगा। इस संबंध में मंत्री ने बताया कि उनके द्वारा संगीत शिक्षा के क्षेत्र में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कुलपति द्वारा दिए सुझावों के शीघ्र क्रियान्वयन का आश्वासन दिया।

## छुईखदान में गरबा का आयोजन ऐतिहासिक

# छुईखदान में गरबा की धूम, झूमे क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर पंचायत छुईखदान में आयोजित गरबा महोत्सव ने इस वर्ष एक नया इतिहास रच दिया। तीन दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में पूरे क्षेत्र के लोग गरबा की ताल पर झूमते नजर आए। आयोजन स्थल पर हर शाम भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

आयोजन की सफलता पर खुशी जताते हुए प्रमुख समाजसेवी प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन ने कहा यह आयोजन छुईखदान के इतिहास में मील का पत्थर है। जिस उत्साह और उमंग के साथ लोगों ने भाग लिया, वह अपने आप में अभूतपूर्व है। गरबा कार्यक्रम में पहुंचे विधायक यशोदा वर्मा ने गरबा नृत्य में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बधाईयां दी और बच्चों के बीच में पहुंचकर गरबा नृत्य कर माहौल बना दिया। कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता गिरिराज किशोर दास, राजा गिरिराज किशोर दास देवराज किशोर दास, नीलांबर वर्मा, रामकुमार, सज्जाक खान, हेमंत वैष्णव, शैव्या वैष्णव, राजू ठाकुर, मनीष कोचर, दीपक वैष्णव, आत्माराम चंदेल, अशोक जंघेल, प्रकाश महोबिया, अनुराग सोनी, अनिमेष महोबिया, नीलेश गुप्ता, सागर महोबिया, शैलेन्द्र तिवारी, अंकित गुप्ता, प्रयास जैन, दीपक देशमुख, श्रवण रजक, वैभव वैष्णव, स्वप्निल वैष्णव, वासी खान, सुरभि सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



### युवाओं में दिखा खास उत्साह

तीन दिवसीय आयोजन के दौरान युवाओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में गरबा नृत्य कर समां बांध दिया। आयोजन स्थल को आकर्षक लाइटिंग और सजावट से सजाया गया था, जो पूरे नगर को एक त्योहारमय रंग में रंग रहा था। गरबा नृत्य के बीच में नगर पंचायत अध्यक्ष के जन्मदिन होने के कारण समर्थकों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया।

### मां दुर्गा की आराधना का अनोखा मंच

गरबा आयोजन की मुख्य संयोजिका नम्रता गिरिराज किशोर दास ने बताया कि गरबा केवल नृत्य नहीं, बल्कि यह माता रानी की आराधना का एक सजीव माध्यम है। यह आयोजन समाज को एकजुट करता है और युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति से जोड़ता है। राजा गिरिराज किशोर दास ने कहा कि यह पर्व मातारानी की उपासना का पर्व है जिसे सभी गरबा नृत्य के माध्यम अपना भक्ति का इजहार करते हैं।

### दवायुक्त खीर का वितरण छह को

**डोंगरगांव।** स्थानीय श्री नव दुर्गा मंदिर परिसर में शरद पूर्णिमा के मौके पर आगामी छह अक्टूबर को दवा युक्त खीर वितरण किया जाएगा। शिव आरोग्य निकेतन के वैद्य महेश गंजीर ने बताया कि खीर वितरण रात्रि 12 बजे के बाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दवा युक्त खीर के अपेक्षित लाभ के लिए सेवन के 4 घंटे पहले और बाद में कुछ न खाएं।



## सार समाचार



### सद्भावना दीप प्रज्जवलित

**राजनांदगांव।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने किया। तत्पश्चात पूर्व सांसद सिंह समेत सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन, तरुण लहरवानी, मुरलीधर सोमानी एवं अन्य अतिथियों ने सद्भावना दीप प्रज्जवलित किया।

### कार्यों का अवलोकन करने प्रतिनिधि मंडल पहुंचा

**राजनांदगांव।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत जिले में संचालित नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों का



अवलोकन करने आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार, राजस्थान एवं महाराष्ट्र कुल 7 राज्यों के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल जिले के दौरे पर पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने ग्राम पंचायत अंजोरा, बरगा एवं फरहद का भ्रमण किया। ग्राम पंचायत अंजोरा में प्लांटेशन कार्य, मिनी परकोलेशन टैंक, डबरी निर्माण कार्य एवं मल्टी एक्टिविटी सेंटर में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। ग्राम पंचायत बरगा में मिनी परकोलेशन टैंक में इंजेक्शन वेल, प्लांटेशन कार्य, सैंड फिल्टर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं सामुदायिक सोख्ता गढ्डा सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत फरहद में परकोलेशन टैंक, इंजेक्शन वेल, नलकूप खनन एवं हैंडपंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में एसआईआरडी एवं राज्य कार्यालय के अधिकारी, जिला एवं जनपद पंचायत राजनांदगांव के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्टेट बार काउंसिल मतदान आज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद का बहुप्रतीक्षित चुनाव के लिए कल मंगलवार को मतदान होना है। कुल 23058 अधिवक्ता



मतदाता के रूप में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 105 प्रत्याशियों में से 25 प्रत्याशियों का चयन होना है। न्यूनतम 5 एवं अधिकतम 25 प्रत्याशियों को मतदान किया जा सकता है। प्रातः 10 बजे से लेकर के शाम 5 बजे तक, जहां सिविल न्यायालय है वहां अधिवक्तागण मतदान करेंगे। राजनांदगांव से तीन अधिवक्ता चुनाव मैदान में हैं और जिस प्रकार से उत्साह अधिवक्ताओं में है, उससे यह साफ नजर आ रहा है कि अधिवक्तागण बढ़-चढ़कर इस चुनाव में भाग लेकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने एवं कराने संपर्क अभियान तेज किए हुए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशान्त तिवारी पूर्व में राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य निर्वाचित होने के बाद राज्य अधिवक्ता परिषद के कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष का दायित्व बखूबी निर्वहन कर चुके हैं। वहीं उमाकांत भारद्वाज व दिनेश देवांगन भी चुनावी मैदान में हैं।

### वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे कार्यक्रम का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ठाकुरटोला राजनांदगांव में 25 सितंबर को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. टी. कुमार के




मार्गदर्शन में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया। इस वर्ष का थीमः "थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट" है। जिसमें विश्व में जेनेरिक दवाइयों की उपयोगिता एवं उनके गुणवत्ता और प्रभाव तथा मरीजों को क्लिनिक फार्मासिस्ट द्वारा दवाइयों की उपयोगिता एवं उनके दुष्प्रभाव को उजागर कर एक नाटक के माध्यम से गवर्नमेंट हायर सेकंडरी स्कूल सोमनी में आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, रंगोली, पौधारोपण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण एवं छात्रों ने फार्मेसी ओथ की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. टी. कुमार ने छात्र-छात्राओ के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नत व्यक्त करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शीतला मंदिर में आज हवन

**राजनांदगांव।** माता देवाला शीतला मंदिर सोनारपारा में महाअष्टमी पर कल 30 सितंबर को ब्रम्ह मुहूर्त पर सुबह 4 बजे महाआरती के पश्चात भक्तों को 5.30 बजे तक गर्भगृह में माता शीतला का चरण स्पर्श किया जाएगा और हवन संध्या 7 बजे से शुरू होगा, जो माता के आशीर्वाद तक चलेगा।

### कमला कॉलेज में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**राजनांदगांव।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में



बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि शासन द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूत करने और परिवारों को सशक्त बनाने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल और पोषण पर विशेष जोर दिया जा रहा है और महिलाओं के कल्याण को राष्ट्रीय विकास से सीधे जोड़ती है। अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविरों में महिलाओं की एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर सहित अन्य स्वास्थ्य जांच की जा रही है। साथ ही टीकाकरण एवं पोषण स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को शुरूआती चरण में स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करके कम करना है। उन्होंने शासन द्वारा चलाए जा रहे अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते टीबी मरीजों को मनोसामाजिक सहायता देने की अपील की। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के एमडी मेडिसिन डॉ. प्रकाश खुंटे ने न्यूट्रीशियन एवे पोषण आहार के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया और आवश्यक स्वास्थ्य सलाह दी गई एवं निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति मणीभास्कर गुप्ता, डॉ. धीरज भावनानी, डॉ. सौम्या चेलक, डॉ. लकी नेताम, डॉ. पूजा मेश्राम, डॉ. साक्षी गजभिये, नलिनी सागरे, स्टाफ नर्स ज्योति यादव, डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव, प्राचार्य, प्रोफेसर सहित बालिकाएं उपस्थित थे।

## पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# सेवा पखवाड़ाः दिव्यांग बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेवा पखवाड़ा अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा गांधी सभागृह राजनांदगांव में दिव्यांगजनों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम पुरस्कार वितरण, सहायक उपकरण वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य जागृति साहू, देवकुमारी साहू व किरण बारले, पूर्व जनपद सदस्य मीना पुरेरी, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, पार्षद शैंकी बग्गा, नियामत हुद्दा एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने शासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए इस तरह के कार्यक्रम एवं शिविरों का आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए समाज कल्याण विभाग की सराहना की। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने सेवा पखवाड़ा अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग एवं बुजुर्गों के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।




### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

कार्यक्रम में भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम में लाभान्वित वृद्धजनों का सम्मान तिलक लगाकर, पुष्पहार पहना कर एवं शाल भेंट कर किया गया। दिव्यांग शालेय बच्चों, आस्था अभिलाषा, मनोकामना एवं शासकीय बौद्धिक मंदता के विशेष बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहर प्रस्तुति दी। बच्चों ने नशामुक्ति, स्वच्छता अभियान, नारी सशक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। एकल एवं समूह नृत्य में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं दिव्यांगजनों के लिए दीर्घकालीन सेवा भावना के लिए अभिलाषा संस्था के सचिव सीए रूपम सोनछत्रा, आस्था के संस्थापक अध्यक्ष हेमंत तिवारी एवं वर्तमान अध्यक्ष महेन्द्र सुराना, मनोकामना मनोविकास शाला के संस्थापक अध्यक्ष रत्ना ओस्तवाल, भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम के संस्थापक गौतम पारख एवं नगर में संचालित समता जनकल्याण के निदेशक एवं तृतीय लिंग के लिए सक्रियता से कार्यरत शिशुपाल खोब्रागढ़े को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पूर्व में खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### उपकरण का वितरण

कार्यक्रम में शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण किया गया। साथ ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र नवीनीकरण, यूडीआईडी, बसपास भी बनाए गए। उप संचालक समाज कल्याण वैशाली मरडवार ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन आस्था की संयुक्त सचिव एवं मीडिया प्रभारी निखत परवीन खान ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता के निर्णायक अभिलाषा संस्था की सचिव एवं चार्टर्ड एकाउन्टेंट रूपम सोनछत्रा, सर्व शिक्षा अभियान की बीआरपी देवकी सिंह रेड्डी उपस्थित थे। स्वास्थ्य परीक्षण में डॉ. महाकालकर सहित उनकी टीम का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, दिव्यांग व वृद्धजन, नगरवासी उपस्थित थे।

## तृप्ति को मिली पीएचडी की उपाधि

**खैरागढ़।** राजफेमली वार्ड निवासी श्रीमती तृप्ति तिवारी



को इंदिरा कला संगीत विवि ने उनके शोध प्रबंध पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। 25 सितंबर को विवि द्वारा जारी नोटिफिकेशन अनुसार कथक नृत्य के विकास में छत्तीसगढ़ के शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यरत महिला कलाकारों के योगदान विषय पर शोध प्रबंध पूरा करने पर उन्हें पीएचडी की उपाधि दी गई है।

श्रीमती तृप्ति तिवारी ने अपना शोध संगीत विवि के कथक नृत्य विभाग में पदस्थ डॉ. जीतेश गढ़पायले के निर्देशन में पूरा किया है। हरिभूमि खैरागढ़ संवाददाता चैतेन्द्र तिवारी बंटी की धर्मपत्नी श्रीमती तिवारी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. मांडवी सिंह, मामा स्व. शंकर सिंह राजपूत, माता सरिता रानी तिवारी, सास श्रीमती कृष्णादेवी तिवारी, दोनों सुपुत्रियों अनन्या, अभिज्ञा, गुरुजनों, विवि परिवार सहित परिजनों को दिया है।

## सोमनी में 2 को नयनाभिराम आतिशबाजी के साथ दशहरा पर्व

**राजनांदगांव।** असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व ग्राम सोमनी में 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। दशहरा पर्व को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

सोमनी दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष आलोक तिवारी, उपाध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख व कमल वैष्णव ने बताया कि इस बार भी दशहरा पर्व हर साल की तरह धूमधाम से मनाया जाएगा। रामलीला के मंचन के बाद नयनाभिराम आकाशीय और जमीनी आतिशबाजी होगी। जिसमें लोगों को इस बार नयापन देखने को मिलेगा। आतिशबाजी के लिए कटक उड़ीसा से कलाकारों की टीम पहुंच गई है। जमीनी आतिशबाजी की तैयारी की जा रही है। साथ ही आकाशीय आतिशबाजी भी जोरदार होगी।

समिति के सदस्यों ने बताया कि ग्राम सोमनी क्षेत्र का मुख्य केंद्र बिंदु है। विजयादशमी का उत्सव देखने बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीणों की उपस्थिति रहती है। बताया गया कि आतिशबाजी के साथ 41



फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा, जिसे स्थानीय कलाकार कीर्ति खांडे और रोशन खूंटे की टीम तैयार कर रहे हैं। दशहरा पर्व पर रामलीला के बाद रात 11 बजे से छत्तीसगढ़ी फिल्मों में अभिनय करने वाले हास्य कलाकार पप्पू चंद्राकर, उपासना वैष्णव, उत्तम तिवारी की छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कला मंच के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। समिति के अंगेश्वर देशमुख ने बताया कि सफल आयोजन के लिए समिति के सभी पदाधिकारी चंद्रकांत ठाकुर, अभिनव तिवारी, प्रकाश वर्मा, सुखदेव साहू, कैलाश विश्वकर्मा, विवेक साहू, जितेंद्र पांडे, नोहर साहू, अद्वितीय तिवारी, प्रांजल देशमुख, भीखम मारकंडे सहित अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

## 35 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरगी में रक्तदान शिविर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव एवं लाईफ लाइन ब्लड सेंटर राजनांदगांव तथा राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर 35 लोगों द्वारा रक्तदान दिया गया।

रक्तदान देने वालों को हेलमेट व प्रमाण पत्र वितरण डॉ. श्वेता बंसोड, डॉ. तिजेन्द्र वर्मा, लीलाधर साहू, प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू समेत शिविर के सफल बनाने में मेघनाथ भुआर्य, हेमन्त ठाकुर, आर. बाजपेयी, विनय राजपूत, दीपचंद साहू, जयकुमार राय, यश साहू, बेबी शशी मेश्राम, यामिनी देशमुख, प्रीतम ठाकुर, आर. कोर्याम, संतोष गोसाई आदि ने अपनी सेवाएं दी।





**राजनांदगांव।** नवरात्र के मौके पर बोदेला की मुक्ता वर्मा ने श्रृंगार कर माँ दुर्गा का रूप धारण किया।

## प्रशांत ने पेश की सामाजिक सेवा की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राजनांदगांव जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे का जन्मदिन उनके कार्यालय मां बम्लेश्वरी पेट्रोल पंप ग्राम मुरमुंदा में उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने अपनी शुभकामनाएं दी। जिससे यह आयोजन न केवल एक जन्मदिन समारोह, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सेवा का एक प्रेरणादायी उदाहरण बन गया। दिनभर चले इस समारोह में कार्यकर्ताओं और आमजनों का उत्साह और स्नेह देखते ही बनता था। जिसने इस अवसर को और भी यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह प्रशांत कोड़ापे द्वारा मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ हुई। सुबह 9 बजे से ही उनके कार्यालय में कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्रवासियों का आगमन शुरू हो गया। बधाई देने वालों का तांता देर शाम तक जारी रहा, जो कोड़ापे के प्रति लोगों के अटूट स्नेह और विश्वास का प्रतीक था।



### अतिथियों की रही उपस्थिति

अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, डोंगरगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, लाल बहादुर नगर मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, जिला भाजपा और मंडल भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न ग्रामों के सरपंचगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### निभा सकते हैं जिम्मेदारी

श्री कोड़ापे ने उपस्थितजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि "मुझे गर्व है कि मुझे आप सभी का इतना स्नेह और समर्थन प्राप्त है। सामाजिक कार्यों के माध्यम से हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को और सशक्त रूप से निभा सकते हैं।

**100 यूनिट रक्तदान :** रक्तदान शिविर का आयोजन, जो बिलासा ब्लड सेंटर के सहयोग से कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्तदान किया गया, जो क्षेत्र में अपनी तरह का पहला और ऐतिहासिक प्रयास साबित हुआ। बिलासा ब्लड सेंटर के स्टाफ ने इस आयोजन की सराहना करते बताया कि इतनी बड़ी संख्या में रक्तदान क्षेत्र में पहली बार हुआ। यह पहल कोड़ापे के नेतृत्व में सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## आज से कस्तूरबा में दो दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शारदीय नवरात्रि पर्व पर शहर की समाजसेवी महिलाओं का संगठन आराधना महिला मंडल द्वारा कल 30 सितंबर से 01 अक्टूबर तक कस्तूरबा भवन में दो दिवसीय रंगारंग गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है।

आराधना महिला मंडल की अध्यक्ष प्रभात बरडिया, सचिव पुष्पा अग्रवाल व कोषाध्यक्ष अलका जानी ने बताया कि महिला मंडल द्वारा आयोजित होने जा रहे गरबा महोत्सव की पहले दिन की मुख्य अतिथि अनिता सहारे प्राचार्य शासकीय स्कूल बोरी होंगी। वहीं दूसरे दिन 01 अक्टूबर को आयोजित गरबा महोत्सव की मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन होंगी। कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका शारदा तिवारी ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर प्रायः सभी महिलाएं अपने घर-परिवार की सुख-शांति व खुशहाली के लिए मां दुर्गे भवानी की अभ्यर्थना में जुटी हुई है। भवानी नगर उनके निवास स्थान में ज्योति जंवारा स्थापित किया गया है। जिसका दर्शन कर मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त करने प्रसिद्ध समाजसेवी बल्देव सिंह भाटिया पधारे थे। इसके अलावा अन्य गणमान्यजनो व समाजसेवी महिलाओं का सतत आगमन बना हुआ है। आयोजन मंडल की प्रभा बरडिया ने समाजसेवी संगठन की महिलाओं को उक्त गरबा महोत्सव में भाग लेने की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी मंडल की अध्यक्ष अलका जानी द्वारा दी गई।












## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा दिव्यांगजनों को सामग्री वितरण, सेवा व जनहित को समर्पित अभियानः नीतेश



**हरिभूमि बोड़ला।** समाज कल्याण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के अवसर पर बोड़ला में दिव्यांगजन एवं पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार की उपयोगी सामग्री वितरित कर उनका उत्साह वर्धन किया और शासन प्रशासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष नीतेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान सेवा और जनहित को समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन को उत्सव नहीं बल्कि सेवा के रूप में मनाने का जो संकल्प लिया है। वह पूरे देश के लिए प्रेरणा है, सेवा पखवाड़ा अंतर्गत समाज के हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है, जिससे कमजोर वर्गो को लाभ मिल रहा है। शिविर में दिव्यांगजन सामग्री पाकर खुशी से झूम उठे, किसी को व्हीलचेयर तो किसी को श्रवण यंत्र प्राप्त हुआ। उनकी मुस्कान ने पूरे माहौल को भावनात्मक बना दिया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन वास्तव में जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, जनपद सदस्य रमेश मेरावी, राजेश साहू, मोहन कश्यप सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### सूरजपुरा स्कूल में कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि स/लोहारा।** विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत नवरात्रि पावन पर्व के अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय सूरजपुरा संकुल सूरजपुरा में न्यौता भोज कार्यक्रम के अंतर्गत कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं को खीर-पुड़ी, केला-सेव, मिठाई, चना का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय परिषर भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे, जिनमें आरके जंघेल, वीके गाढ़े, केके साहू, हिरवानी मैडम, यादव मैडम, एस चंद्राकर, एसएस चंद्रवंशी, आलोक कोठारी, एन रावते, संतराम नेताम, मीरा और रामेश्वर पाली उपस्थित थे। सभी शिक्षकों ने स्वयं प्रसाद वितरण में सहभागिता निभाई और बच्चों को स्नेहपूर्वक भोजन परोसा। कार्यक्रम का संचालन जगेश्वर कुमार धुर्वे द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व मातृशक्ति की आराधना और बच्चों में संस्कार एवं श्रद्धा का भाव जगाने का अवसर है। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिषर में हर्ष, भक्ति और आनंद का वातावरण बना रहा।

### विधायक भावना के पहल से दिव्यांग दुखिया को मिली व्हीलचेयर, किया आभार व्यक्त



**हरिभूमि कुण्डा।** भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सांसद खेल-कूद, रंगोली प्रतियोगिता, दिव्यांगजनों, वरिष्ठजनों का सम्मान, चित्रकला आदि कार्यक्रमों का आयोजन आयोजित किया जा रहा है। वही कुण्डा तहसील अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान ग्राम खम्हरिया निवासी दिव्यांग दुखिया निर्मलकर को मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के आग्रह पर विधायक भावना के पहल से व्हीलचेयर प्रदान की गई। वहीं व्हीलचेयर पाकर दिव्यांग दुखिया की चेहरे खुशी से खिल उठें। बताया जाता है कि दिव्यांग दुखिया निर्मलकर 60 प्रतिशत निशक्त है, उन्हें चलने-फिरने में भारी परेशानी एवं नितकार्य में दिक्कत आ रही थी, वहीं व्हीलचेयर मिलने से उनके चेहरे में खुशी साफ देखी जा सकती है। निशक्त सामग्री मिलने पर उन्होंने विधायक भावना बोहरा, जिला मंत्री ओमयदु, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू, महामंत्री सुमन गुप्ता, सभापति दीपा धुर्वे सेवाराम कुर्रे, कृष्णा चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, पुरसोत्तम निर्मलकर एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित की गई माता रानी की भव्य प्रतिमाएं, उत्साह का माहौल



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बूढ़ा महादेव समिति, शारदा उत्सव समिति, बजरंग दल समिति, मां महामाया समिति द्वारा चार मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया है एवं मां महामाया व मां शीतला मंदिर में 150 ज्योति कलश एवं ज्वारा का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया है, जिसमें शाम होते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन करने उमड़ रही है। पूर्वजों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मां महामाया देवी का दर्शन करने से ही सारी पापों का नाश हो जाता है साथ ही साथ भक्तजनों द्वारा गांव, घर-परिवार की सुख, शांति व समृद्धि के लिए मनोकामना व आर्शीवाद प्राप्त कर रहे है। ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम कोलेगांव में क्वांर नवरात्रि में दशहरा 02 अक्टूबर को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें रावण दहन के साथ ही साथ रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

# डरावनी रंगरूप वाली गुफा व विशाल प्रतिमा बनी आस्था का केन्द्र, उमड़ रही भक्तों की भीड़

- बच्चियों और महिलाओं में गुफा प्रवेश का डर अधिक, अन्य जिले से पहुंच रहे श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शारदीय नवरात्रि पर धर्म नगरी कवर्धा शहर भक्ति और आस्था के अद्भुत संगम में डूबा हुआ है। बताया जाता है कि राजमहल कॉलोनी स्थित डड़सेना भवन स्थित आदर्श विद्या मंदिर के पास नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष ऐसा आकर्षण तैयार किया गया है, जिसने न केवल जिले बल्कि पूरे अंचल में उत्साह का माहौल बना दिया है।

समिति ने मां वैष्णव देवी मंदिर की तर्ज पर भव्य एवं डरावनी रंगरूप वाली गुफा का निर्माण किया है, जिसकी अद्वितीय सजावट और रहस्यमयी वातावरण भक्तों के लिए अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव का केन्द्र बन गया है। समिति से मिली जानकारी के अनुसार इस गुफा को देखने और माता के दर्शन के लिए प्रतिदिन करीब 4 से 5 हजार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जिसमें न केवल कवर्धा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आकर माता रानी का आशीर्वाद ले रहे हैं। गुफा की अनोखी सजावट, भव्य प्रतिमाएं और रोशनी से सजे रहस्यमयी गलियारे हर आगंतुक को दिव्यता और रोमांच का अद्भुत अहसास कराते हैं।

समिति के सदस्य गुड्डू, बंटी, सतीश, मनु व कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस अनोखी गुफा की तैयारियां लगभग पांच महीने पहले से शुरू की गई थीं। उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए आने वाले वर्ष में इससे भी अधिक भव्य गुफा बनाने की योजना है। फिलहाल गुफा प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 11.30 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहती है। नवरात्रि की धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समिति द्वारा अष्टमी पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों भक्तों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा इस वर्ष विसर्जन कार्यक्रम को और खास बनाने के लिए विशेष तैयारी की गई है। प्रत्येक वर्ष की तरह 151 मीटर चुनरी यात्रा की जगह इस बार दशहरे के दूसरे दिन कलश यात्रा एवं जोत-ज्वारा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक निकलेगी, जिसका रूट माता रानी के विराजित स्थान से शुरू होकर भोजली तालाब, भारत माता चौक, बस स्टैंड तक जाएगा और फिर रिटर्न होकर भारत माता चौक पहुंचेगा। यहां जिले की सुख-समृद्धि और शांति के लिए भव्य महाआरती की जाएगी। इसके बाद यात्रा राजमहल चौक होते हुए सकरी नदी सेतु स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास पहुंचेगी, जहां माता रानी के विसर्जन का दिव्य कार्यक्रम सम्पन्न होगा।



**14 फीट की भव्य प्रतिमा मुख्य आकर्षण**

पंडाल में स्थापित 14 फीट ऊंची मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं को आस्था और भव्यता का अनुपम अनुभव करा रही है। गुफा के भीतर देवी-देवताओं की सुंदर मूर्तियां और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था श्रद्धालुओं को ऐसा प्रतीत कराती है मानो वे किसी अद्भुत देवी धाम में पहुंच गए हों।

**आस्था और संस्कृति का संगम**

नवदुर्गा उत्सव समिति का यह आयोजन न केवल कवर्धा जिले की धार्मिक आस्था को नई ऊंचाई दे रहा है, बल्कि सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत कर रहा है। डरावनी रंगरूप, गुफा की भव्यता, विशाल प्रतिमा और अनूठी परंपराओं ने इस बार के नवरात्रि उत्सव को ऐतिहासिक बना दिया है। श्रद्धालु इसे जीवन भर याद रहने वाला अनुभव बता रहे हैं।

### लखपति दीदी बनने की ओर अग्रसर महिलाएं, बैंक समूह की साझेदारी ने दिया नया आयाम

# बिहान समूहों को 4 करोड़ 53 लाख का ऋण कलेक्टर ने बैंकर्स को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जिले में महिला स्व सहायता समूहों की आर्थिक स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। बिहान योजना के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं और भारत सरकार की लखपति दीदी बनने का सपना भी साकार होने की दिशा में है। इसी कड़ी में स्व सहायता समूहों को ऋण एवं अन्य बैंकिंग सुविधा प्रदान करने वाले बैंकों का आज सम्मान किया गया।

कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए बैंकर्स को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया। बैकर्स की बैठक के बताया गया कि महिलाओं के स्व सहायता समूहों का गठन कर उन्हें आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए विभिन्न बैको से इस प्रकार महिला स्व सहायता समूह को राज्य की नीति एवं योजनाओं के तहत ऋण प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, राजानवागांव शाखा द्वारा भौतिक लक्ष्य 72 के विरुद्ध 46 प्रकरण स्वीकृत करते हुए वित्तीय लक्ष्य 172.50 लाख के विरुद्ध 127 लाख रूपए का ऋण वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, कुकदुर शाखा ने भौतिक लक्ष्य 90 के विरुद्ध 53 प्रकरण स्वीकृत कर 49 स्व सहायता समूहों को 1 करोड़ 16 लाख रूपए वितरित किए। इंडियन ओवरसीज बैंक कवर्धा ने भौतिक लक्ष्य 52 के विरुद्ध 51 प्रकरण स्वीकृत कर 39 समूहों को 33 लाख रूपए का ऋण प्रदान किया। भारतीय स्टेट बैंक सहसपुर लोहारा ने भौतिक लक्ष्य 120 के विरुद्ध 34 प्रकरण स्वीकृत कर 34 समूहों को कुल 86 लाख रूपए का ऋण दिया। भारतीय स्टेट बैंक बिरकोना शाखा ने भौतिक लक्ष्य 120 के विरुद्ध 39 प्रकरण स्वीकृत कर 36 समूहों को 91 लाख रूपए का ऋण वितरित किया। इस प्रकार जिले के स्व सहायता समूहों को कुल 4 करोड़ 53 लाख रूपए का ऋण वितरण किया गया, जिससे ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक ठोस कदम उठाया गया।


कलेक्टर ने कहा कि बिहान योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। बैंकिंग सहयोग केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन स्तर में बदलाव लाने का माध्यम है। बैंकों ने जिस गंभीरता और जिम्मेदारी से ऋण वितरण किया है, वह प्रशंसनीय है। हम अपेक्षा करते हैं कि आने वाले समय में सभी बैंक 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर महिलाओं के आत्मनिर्भर भारत निर्माण में योगदान देंगे।



**व्यवसाय और आजीविका संवर्धन का नया अवसर मिला**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बिहान योजना अंतर्गत बैंक क्रेडिट लिंकेज से महिलाओं को व्यवसाय और आजीविका संवर्धन का नया अवसर मिला है। बैंकों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। आगे भी सभी बैंक शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति कर एंटरप्राइज फाइनेंस अंतर्गत अधिक से अधिक समूहों को लाभान्वित करें, यही हमारी प्राथमिकता है। बैठक के दौरान जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की कार्यवाही भी संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## महामाया मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्रि पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नगर के मध्य में स्वयंभू मां महामाया देवी की दिव्य भव्य 400 वर्ष प्राचीन मूर्ति विराजित हैं, जो 484 गांव के पुराने पंडरिया जमींदारी के आस्था का एक मात्र केंद्र है। वर्तमान में इस धार्मिक स्थल के सर्वराकार नाबालिक राजा भिवान राज सिंह हैं। संरक्षक के रूप में राजा के चाचा अमर राज सिंह देखरेख करते आ रहे हैं, वर्ष में दो बार चैत्र और क्वांर माह में नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है।

दोनों नवरात्रि पर्व में राजपरिवार के साथ सैकड़ों देवी-भक्तों की मनोकामना ज्योति-ज्वांरा स्थापित किया जाता है, इस शारदीय नवरात्र में आस्था के 1301 ज्योति कलश स्थापित किया गया है। वहीं प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में माता सेवा की जस गायन कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं। साथ ही साथ पंचमी व महाअष्टमी को विशेष राजसी देवी श्रृंगार किया जाता हैं मिली जानकारी के अनुसार 30 सितम्बर को महा अष्टमी पूजा हवन होगा साथ ही 02 अक्टूबर को दशहरा के दिन ज्योति विसर्जन शोभा यात्रा, नन्हें राजा की सवारी के साथ बुराई के प्रतीक रावण पुतले का दहन कुशाल बंद तालाब, वार्ड क्रमांक 01 में किया जाएगा।

# शिक्षा को बढ़ावा देने शिक्षक तुलस चंद्राकर की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



ग्राम महली निवासी व्याख्याता राज्यपाल पुरस्कृत तुलसराम चंद्राकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक शानदार पहल की शुरूआत किया है, जिसके तहत इन्होंने अपने पिता स्व रामनाथ चंद्राकर के स्मृति में कक्षा दसवीं और बारहवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को 1001 व प्रतीक चिन्ह तथा लोकल कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने की घोषणा किया गया था, जिसके तहत 2025 उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान समारोह का कार्यक्रम का आयोजन मां दुर्गा पंडाल बैग चौक महली में आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम महली के 13 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि गजपति साहू जनपद सदस्य तथा गिताराम साहू प्राचार्य आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पंडरिया द्वारा पुरस्कृत किया। शिक्षक दिवस द्वारा छोटे-छोटे बच्चों के प्रतिभा को निखारने के लिए प्रत्येक वर्ष नवरात्रि पर्व पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके बच्चों के प्रतिभा को निखारने का प्रयास करते है, जैसे थाली सजाओं प्रतियोगिता, चित्रकला, निबंध, मेहंदी गायन प्रतियोगिता आदि का आयोजन करके बच्चों का उत्साह वर्धन और उनके प्रतिभा को परख कर उनको संवारने का कार्य करते रहते हैं, जिसके लिए यह शिक्षक पूरे गांव और आसपास क्षेत्र में उनकी प्रशंसा की जाती है।

### सांस्कृतिक व लोक दर्शन का आयोजन 01 को




**हरिभूमि कुण्डा।** आदिशक्ति मां दुर्गा उत्सव एवं विजयादशमी के पावन पर्व के शुभ अवसर पर रात्रिकालीन ग्राम कुण्डा में छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट एवं पंडरिया विधानसभा के विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सौजन्य से 01 अक्टूबर बुधवार को न्यू बस स्टैंड मैदान में ग्राम पंचायत कुण्डा के मार्गदर्शन निर्देशक अमर श्रीवास एवं दीपशिखा श्रीवास के प्रस्तुति रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नए अंदाज में आज के और आपके अनुरूप लोक गीत, लोकनृत्य, हाय छत्तीसगढ़ का हास्य पड़ाव रात्रिकालीन कार्यक्रम लोक दर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें आसपास क्षेत्र के भक्तजनों को इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

# मोहगांव में श्री अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम मोहगांव में श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ श्री अखंड नवधा रामायण पाठ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के भक्तों की भारी उपस्थिति रही। अखंड रामायण पाठ के दौरान पूरे गांव का वातावरण भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर हो गया। इस अवसर पर पंडरिया क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने माता रानी के दरबार में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि नवरात्रि का यह पर्व हमें सत्य, प्रेम और त्याग के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, सौहार्द और संस्कारों का प्रसार होता है। कार्यक्रम में कुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, राजेश चंद्रवंशी, मोचन दाऊ, दिलीप चंद्रवंशी, गेंदलाल चंद्रवंशी, राधेलाल, नरेश यादव, चैन, अमन चंद्रवंशी और एचपी पाठक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थें। सभी ने भक्ति संगीत, भजन और हवन में श्रद्धा के साथ भाग लिया। ग्रामवासियों ने बताया कि हर वर्ष नवरात्रि पर्व पर मोहगांव में श्री अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जाता है, जो गांव की परंपरा बन चुकी है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट करता है बल्कि ग्रामवासियों के बीच एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। अंत में मां दुर्गा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। ग्रामीणों ने इसे एक यादगार और आध्यात्मिक अनुभव बताया तथा आयोजकों को सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

### स्वदेशी सामान का उपयोग के लिए बमईपुर के लोंगो ने लिया संकल्प



**हरिभूमि कोलेगांव।** स्वदेशी सामान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुआई में पूरे देश में एक मुहिम आयोजित की जा रही है। आज लोग बहुत अच्छे से समझ रहे हैं कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य देश को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। स्वदेशी सामान के उपयोग से सिर्फ देश आर्थिक रूप से मजबूत ही नहीं होगा, उसके आलावा हमारे छोटे-छोटे व्यापारियों को मजबूती प्रदान करेगी। स्वदेशी सामान का अधिक से अधिक उपयोग के उद्देश्य से चलाए जा रहे मुहिम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं कवर्धा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कुंडा मण्डल प्रभारी रामकुमार भट्ट, कुंडा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, विकास पांडेय, संतोष चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, ओम यद्द, दिनेश मिश्रा व धज्जू चंद्राकर तथा रामस्वरूप साहू की अगुआई में पूरे मण्डल में कार्य किया जा रहा है। उसी कड़ी में बमईपुर ग्राम में स्वदेशी सामान खरीदी करने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया जिसमें गांव के युवाओं ने विदेशी सामान को ना कहने की बात कही। वही बमईपुर बूथ के कार्यक्रम प्रभारी एवं जनपद पंचायत पंडरिया सभापति अश्वनी यद्द ने कहा की आज बमईपुर के लोगों में गजब का उत्साह नजर आ रहा है, इस बात को लेकर लोग प्रश्न दिख रहे हैं की अपने देश में निर्मित सामान खरीदने हेतु एक मुहिम आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में दादू राम साहू, भुवनेश्वर राजपूत, केदार यादव, नरेन्द्र यादव, रामेश्वर यादव एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** लापरवाह व फर्राटे भरने वाले वाहन चालकों को खुली छूट, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

# भारी भीड़भाड़ के बीच रात नौ बजे से ट्रैफिक सिग्नल में सी एंड गो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा में इन दिनो नवरात्र पर्व की भारी गहमागहमी देखने को मिल रही है। आलम ये है कि शाम ढलते ही नगर की सड़कों में वाहनो के साथ लोगों की भारी भीड़ निकल रही है लेकिन इसके बावजूद शहर के मुख्य चौक में लगे इकलौते ट्रैफिक सिग्नल को रात नौ बजे के बाद सी एंड गो के मोड़ पर छोड़ दिया जाता है जिससे न सिर्फ वाहन चालकों की मनमानी बढ़ जाती है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय कवर्धा में लगातार खुल रहे नए कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, बाजार विस्तार, आबादी क्षेत्र विस्तार तथा बढ़ रही आबादी के चलते लगातार सड़कों में यातायात का इबाव बढ़ते जा रहा है। आलम ये है कि सुबह से लेकर देर शाम तक कवर्धा नगर की प्रमुख सड़कों में वाहनों की रेलम पेल सी लगी रहती है। वहीं पर्व व तीज त्यौहार के मौके पर तो सड़कों में देररात तक भारी गहमागहमी और भीड़ भाड़ देखने को मिलती है। जिसके चलते नगर में प्रायः हर दिन छोटी बड़ी दुर्घटना होते रहती है। लेकिन जिला मुख्यालय कवर्धा में इस अनियंत्रित यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में अभी तक कोई खास रुचि नहीं दिखाई जा रही है। स्थिति यह है कि जिला मुख्यालय कवर्धा में दर्जनों भीड़भाड़ वाले चौक चौराहे होने के बावजूद यहां सिर्फ एक ही चौक में ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था की गई है वह भी कामचलाऊ ही है।

क्योंकि आज भी यह ट्राफिक सिग्नल सही संकेत नहीं दे पाता इसके कई डिजिट खराब है। यहां बताना लाजमी होगा कि कवर्धा नगर के वीर स्तंभ चौक के अलावा किसी भी चौक में ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था नहीं है। जबकि देखा जाए तो जितनी भीड़ दिनभर नगर के वीर स्तंभ चौक से होकर गुजरती है उतनी ही भीड़ नगर के ऋषभदेव चौक, मिनीमाता चौक, नवीन बाजार चौक, राजमहल चौक सहित अन्य चौक चौराहों से होकर गुजरती है। लेकिन फिर भी इन चौक चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि इसकी मांग लगातार नगरवासियों द्वारा शासन, प्रशासन तथा पुलिस विभाग से की जा रही है।

वहीं इस इकलौते ट्रैफिक सिग्नल को भी त्यौहार के इस सीजन में रात नौ बजे के बाद सी एंड गो के मोड़ पर छोड़ दिया जाता है ऐसे में नगरवासियों ने कम से कम ऐसे त्यौहारी सीजन में इसकी टायमिंग बढ़ाने की मांग की है ताकि लोग सुरक्षित आवागमन कर सकें।



**चौक चौराहों से फर्राटे भरते निकलते हैं वाहन**

कवर्धा नगर का मिनीमाता चौक सीधे रायपुर बाईपास से जुड़ा हुआ है इसके अलावा इस चौक से कवर्धा बिलासपुर तथा कवर्धा रायपुर व राजनांदगांव आने जाने वाले भारी वाहन भी गुजरते हैं। इसी प्रकार नगर के नवीन बाजार चौक से भी कवर्धा रायपुर आने, जाने वाली सभी यात्री बसें कवर्धा नगर के अंदर स्थित बस स्टैंड आती हैं। लेकिन इन दोनों प्रमुख चौराहों में भी ट्रैफिक सिग्नल लाइट की व्यवस्था नहीं की गई है जिसके चलते कारण इन चौराहों से भारी वाहन फर्राटे भरते हुए निकलते हैं। जिससे हमेशा सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कमोबेश यही हाल नगर के राज महल चौक व अन्य चौक चौराहों का भी है।

# कोई भी अधिवक्ता नहीं लड़ेगा गैंग रेप के आरोपियों का केस

**अधिवक्ता संघ ने सर्वसम्मति से पारित किया प्रस्ताव**

- संघ व संघ के अध्यक्ष श्री परिहार ने की घटना की कड़ी निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला अधिवक्ता संघ कवर्धा की एक आवश्यक बैठक सोमवार को अधिवक्ता कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पोखराज सिंह परिहार ने कवर्धा कॉलेज में पढ़ने वाली आदिवासी छात्रा के साथ हुए गैंग रेप का विरोध करते हुए कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है, अध्यक्ष श्री परिहार ने संघ के सदस्य अधिवक्ताओं को घटना के आरोपियो की ओर से प्रकरण में उपस्थित न होनें और पैरवी न करनें की अपील की है।

बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया और सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि पीड़ित छात्रा के साथ दरिंदगीपूर्ण कृत्य करनें वाले तीनों आरोपी के समर्थन में कोई भी अधिवक्ता उपस्थित नहीं होगा और न ही उनकी ओर से कोई मामले में पैरवी नहीं करेगा। श्री परिहार ने कहा कि अधिवक्तागण पीड़िता को न्याय प्रदान करनें के लिए पैरवी करते है, इस मामले में आरोपीगण एकराय होकर अकेली असहाय छात्रा को मध्य रात्रि में सुनसान जगह में बलपूर्वक ले जाकर अपनें हवस का शिकार बनाए है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है इस कारण ऐसे राक्षस लोगों के पक्ष में कोई भी अधिवक्ता साथी पैरवी नहीं करेगा ताकि ऐसे दरिंदे लोगों को दोबारा ऐसे दुष्कृत्य करनें से पहले कई बार सोंचना पड़े और उन्हें समझ में आए कि न्यायपालिका क्या है, न्याय और कानून से कोई बड़ा नहीं होता और इसके उपर जो जानें की सोंचता है उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान है।

श्री परिहार के उक्त विचार का सभी अधिवक्ताओं ने समर्थन किया और एकमत से आदिवासी छात्रा के आरोपीगण के पक्ष में कोई अधिवक्ता साथी उपस्थित नहीं होने, पैरवी नहीं करनें के सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित करने अपनी अपनी सहमति दी। इसके अलावा बैठक में राज्य विधिज्ञ परिषद के 30 सितम्बर को होनें वाले मतदान की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी अध्यक्ष श्री परिहार द्वारा अधिवक्ता संघ के सदस्यों को दी गई।

## खबर संक्षेप



### क्रिकेट कमेंटेटर नितेश छाबड़ा सम्मानित

**कवर्धा।** भोपाल से प्रकाशित खेल पत्रिका नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स के 30 वें खेल अवार्ड सम्मान समारोह में नगर के खेल कमेंटेटर व समीक्षक नितेश छाबड़ा को भी सम्मानित किया गया। यह समारोह 25 सितंबर को भोपाल के अपेक्स बैंक समन्वय भवन सभागार में आयोजित किया गया था। भोपाल के विधायक भगवान दास सबनानी मुख्य अतिथि थे। महापौर मालती राय, अंतरराष्ट्रीय कमेंटेटर सुशील दोषी, हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद व शिवेंद्र सिंह, अंतरराष्ट्रीय गायक साईं राम अय्यर, स्पोर्ट्स प्रमोटर एएस सिंहदेव एवं नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स के संपादक इंद्रजीत मौर्य विशिष्ट अतिथि थे। समारोह में भारतीय हॉकी टीम के कोच एवं ओलंपियन शिवेंद्र सिंह, अंतरराष्ट्रीय शूटर निरू ढाडा, सूरज शर्मा, एथलीट पूजा, आईपीएल क्रिकेटर अनिकेत वर्मा, शटलर अनुष्का शाहपुरकर, अंतरराष्ट्रीय कमेंटेटर पद्मश्री सुशील दोशी व क्रिकेट कमेंटेटर समीक्षक नितेश छाबड़ा सहित कुल 34 खिलाड़ियों, कोचों, पत्रकारों और खेल प्रोत्साहकों को अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

### दिव्यांगजन उपकरण वितरण शिविर आयोजित

**कवर्धा।** सेवा पखवाड़ा दिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 के अंतर्गत सामुदायिक भवन पंडरिया में विकासखंड स्तरीय पेंशन समाधान एवं दिव्यांगजन उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती नंदनी राजकुमार साहू, उपाध्यक्ष छत्रकिशोर सानू तिवारी एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती नंदनी राजकुमार साहू एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष गजपाल साहू ने उद्बोधन देते हुए दिव्यांगजन एवं हितग्राहियों को उपकरण मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शिविर में कुल 47 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, 8 दिव्यांगजन को श्रवण यंत्र, 15 को ट्रायसाइकिल, 3 को व्हीलचेयर तथा 10 वरिष्ठ नागरिकों को वॉकिंग स्टिक वितरित की गई। पहली बार जनपद पंचायत स्तर पर आयोजित इस शिविर में उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों पर खुशी एवं संतोष झलक रहा था।

# आज निकलेगा नगर के तीन शक्तिपीठों से खप्पर तैयारियों में जुटी मंदिर समितियां और प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाअष्टमी के मौके पर नगर की सुख, समृद्धि तथा उसे असुर शक्तियों से बचाने के लिए तीन शक्तिपीठों से खप्पर निकाली जायेगी। मंदिर समीतियों ने इस परमपरागत अनुष्ठान की तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

गौरतलब है कि धर्म नगरी और शक्तिपीठों के गढ़ कहे जाने वाले कवर्धा नगर में खप्पर निकालने की परम्परा वर्षो पुरानी है। यहां प्रतिवर्ष क्वांर नवरात्र पर मां दंतेश्वरी, मां चण्डी तथा मां परमेश्वरी मंदिर से नवरात्र की महाअष्टमी के मौके पर मध्यरात्रि में श्रद्धा व आस्था की प्रतीक मानी जाने वाली खप्पर निकाली जाती है। नवरात्र पर्व पर महाअष्टमी की मध्यरात्रि को इस बार भी इस वर्षो पुरानी परम्परा का निर्वाहन करते हुए मां दंतेश्वरी, मां चण्डी तथा मां परमेश्वरी मंदिर से खप्पर निकाली जायेगी। मां दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी से मिली जानकारी के अनुसार मंदिर प्रांगण में मध्य रात्रि को 12.00 बजे खप्पर निकाली जायेगी। जिसमें खप्परधारी तथा अगवान लाला अगुवाई करेंगे। इसी प्रकार चण्डी मंदिर से रात्रि 12.15 बजे खप्पर निकाली जायेगी। इसके ठीक 15 मिनट बाद मां परमेश्वरी मंदिर से खप्पर निकाली जायेगी।

जिसमें खप्परधारी और अगुवाई की अगुवाई में खप्पर निकाली जाएगी। इस धार्मिक आयोजन को लेकर जहां मंदिर समितियों द्वारा अपनी तैयारियां की जा रही है वहीं प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी तैयारियों में जुट गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कवर्धा में आयोजित होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में कबीरधाम जिले से सहित आसपास के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में खप्पर के दर्शन करने पहुंचते हैं।

# आदिवासी बेटी से सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में बड़ा धरना प्रदर्शन आज

- आरोपियों को कड़ी सजा व उनके घर तोड़ने की मांग के साथ बुलडोजर लेकर उतरेगा समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्सालय कवर्धा में 24 सितंबर को एक आदिवासी बेटी के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में आदिवासी समाज ने जिले में बड़े धरना प्रदर्शन करने की योजना बनाई है।

यह प्रदर्शन दिनांक 30 सितंबर, मंगलवार, सुबह 11 बजे रानी दुर्गावती चौक के पास आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान समाज के लोग डीजे और बुलडोजर के साथ एकजुट होकर अपनी मांगों की पैरवी करेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए और न्याय सुनिश्चित किया जाए।

प्रदर्शन के बाद, समाज की ओर से आरोपियों के खिलाफ ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस घटना ने पूरे जिले और राज्य के आदिवासी समुदाय में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। प्रदर्शन के आयोजक राजेश सिंह छेदावी ने बताया कि यह केवल स्थानीय विरोध नहीं है, बल्कि यह घटना राष्ट्रीय स्तर पर चेतावनी और न्याय की मांग बन चुकी है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सभी संभव कदम उठाए जाएं।

इसके साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रूप से होगा, लेकिन अगर प्रशासन ने समय पर कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन और भी व्यापक स्वरूप ले सकता है। राजेश सिंह छेदावी ने कहा कि हम न्याय की मांग कर रहे हैं। हमारी बेटियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा। समाज द्वारा इस धरना प्रदर्शन को लेकर बकायदा लिखित जानकारी प्रशासन को भी दे दी है।

# सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन की बोड़ला तहसील स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन जिला कबीरधाम के तत्वावधान में नगर पंचायत बोड़ला स्थित कबीर आश्रम में तहसील स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह संगठन संत कबीर साहेब के उपदेशों पर आधारित है और समाज के सर्वांगीण उत्थान, विश्व कल्याण एवं मानवता की सेवा इसके प्रमुख उद्देश्य हैं। सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन केवल कबीरपंथ तक सीमित न रहकर संपूर्ण मानव समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रतिनिधि रोशन साहेब जिला उप-प्रतिनिधि दानीदास साहेब, जिला सलाहकार महंत अमृतदास साहेब, जिला युवा प्रतिनिधि ब्रह्मा साहेब, जिला महिला प्रतिनिधि लक्ष्मीन माता, जिला महिला सहयोगी दीपा माता, बोड़ला तहसील प्रतिनिधि मधूर साहेब, साथ ही सभी ग्राम प्रतिनिधि, साधु-संत, महंत, आमिन माता, नवयुवक मंडल और ग्रामीणजन उपस्थित थे। बैठक में मिशन की गतिविधियों को और गति देने, प्रचार-प्रसार को व्यापक बनाने तथा समाज के सभी वर्गों को जोड़ने पर चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने मिशन के मूल उद्देश्यों सभी जीवों पर दया, मानव जीवन में मानवीय गुणों का संचार, जगत कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाना, विश्व शांति का संदेश के प्रचार को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इसके अलावा बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला से लेकर राज्य स्तर तक नियमित बैठकों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नवयुवक मंडल और महिला सहयोगियों की सक्रिय भागीदारी से संगठन को और सशक्त एवं व्यापक स्वरूप देने पर भी सहमति बनी। अंत में सभी साधु-संतों और प्रतिनिधियों ने सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन जिला कबीरधाम के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने और संत कबीर साहेब की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



# फसल क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर कलेक्टर से मिले किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लंबित फसल क्षतिपूर्ति की राशि के लिए भटक रहे ग्रामीण किसानो ने सोमवार को भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी।

जिस पर कलेक्टर ने किसानो को एक माह के भीतर फसल क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने का भरोसा दिलाया है। इस संबंध में ग्राम नेऊरगांव कला, नेऊरगांव खुर्द, गंडई खुर्द, बोईरकठरा तथा ग्राम कारेसरा के करीब 50 से अधिक प्रभावित किसानो ने बताया कि अति वृष्टि के चलते उनकी रबि सीजन की चना फसल खराब हो गई थी। लेकिन संबंधित अधिकारियों ने मौका मुआवना के दौरान फसल क्षति को शून्य घोषित कर दिया गया था। जिसके संबंध में वे लगातार तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी से लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदन देते आ रहे हैं।

लेकिन आज पर्यंत उनके आवेदन पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई। किसानो ने अधिकारियों पर आरोप लगाया की संबंधित अधिकारियों ने जो रिपार्ट तैयार की थी उसमें भारी लापरवाही बरती गई। प्रभावित किसानो की फसल का मौका मुआयना किए बगैर घर बैठे रिपोर्ट तैयार कर फसल क्षति का शून्य बता दिया गया वहीं शिकायत के बाद इसमें सुधार भी नहीं किया गया।

उन्होने बताया कि थकहारकर अब उन्होने भारतीय किसान संघ ने नेतृत्व में आज जिला कलेक्टर से मुलाकात की है और अपनी मांग व समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया है। जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होने एक माह के भीतर फसल क्षतिपूर्ति दिलाए जाने का भरोसा किसानो को दिया है।



# हिंदू संगम बोड़ला में कन्या भोज का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

भारतीय संस्कृति और परंपराओं में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। इसी पावन अवसर पर हिंदू संगम बोड़ला के तत्वावधान में सोमवार को एक भव्य कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 21 कन्याओं का विधिवत पूजन एवं सम्मान कर भोजन कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों और वर्गों से आए हुए बच्चों ने भी सहभागिता निभाई, जिससे वातावरण सामाजिक एकता और धार्मिक उत्साह से परिपूर्ण हो गया। कार्यक्रम का सफल नेतृत्व हिंदू संगम बोड़ला के संयोजक श्री दुर्गेश वर्मा जी ने किया। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में इस आयोजन को पूर्ण रूप से सफल बनाया और उपस्थित जनों को कन्या पूजन के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष लव निर्मलकर जी ने कहा कि नवरात्रि पर्व हमें नारी शक्ति और देवी स्वरूप का सम्मान करने की प्रेरणा देता है। रेंगाखार मंडल भाजपा के महामंत्री बारेलाल धुर्वे जी ने कन्या भोज जैसे आयोजनों को समाज में धार्मिक आस्था और संस्कारों को मजबूत करने वाला बताया। वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद नरेश साहू ने इसे सामूहिक सहयोग और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में विशेष रूप से यश धुर्वे, गौतम गुप्ता, चंदन मानिकपुरी, बीएस वर्मा, नंदराज उइके एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता गण भी शामिल रहे। सभी ने मिलकर कन्याओं का पूजन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि नारी सम्मान, संस्कारों की सुरक्षा और सामाजिक सद्भावना का संदेश भी है। हिंदू संगम द्वारा इस तरह के आयोजन भविष्य की पीढ़ी को हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम के अंत में कन्याओं को फल, मिष्ठान एवं उपहार भी भेंट किए गए। समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से माता रानी की जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

**रेबीज रोग से बचाव एवं रोकथाम पर विस्तारपूर्वक लोगों को दी गई जानकारी**

# विश्व रेबीज दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति नर्सिंग महाविद्यालय में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा आकर्षक पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई तथा स्वास्थ्य विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों द्वारा रेबीज रोग से बचाव एवं रोकथाम पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने बताया कि रेबीज एक घातक वायरल संक्रमण है, जो संक्रमित कुत्ते, बिल्ली और बंदर जैसे जानवरों के काटने या चाटने से फैलता है। यह वायरस शरीर में प्रवेश कर नर्वस सिस्टम और मस्तिष्क को प्रभावित करता है, जिसके कारण रोगी कोमा में जा सकता है अथवा मृत्यु भी हो सकती है। जिला नोडल अधिकारी (एनआरसीपी) डॉ. अनामिका पटेल ने कहा कि रेबीज से बचाव के लिए समय पर वैक्सीन लगवाना ही सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने बताया कि लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, बेचैनी, अत्यधिक लार आना, पानी से डर लगना और लकवा शामिल हैं। इस दौराने लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि काटे गए स्थान को तुरंत बहते पानी से धोएं, 72 घंटे के भीतर डॉक्टर से संपर्क कर उपचार कराएं, घरेलू उपचार जैसे मिर्च या अन्य पदार्थ लगाने से बचें, समय पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाएं। कार्यक्रम में छात्राओं ने पोस्टरों के माध्यम से लोगों को संदेश दिया कि रेबीज से बचाव ही सुरक्षा है। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी पशु के काटने या खरोंचने पर लापरवाही न करें और तत्काल चिकित्सीय सलाह लें।

